समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# 40 करोड़ 5G उपयोगकर्ताओं के साथ भारत दुनिया मे दूंसरे स्थान पर

Publisher

Published on 17 Jan 2026




भारत अब **दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5G उपयोगकर्ता देश** बन गया है, जहाँ **400 मिलियन (40 करोड़) से अधिक लोग** 5G सेवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह जानकारी **संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया** ने सोशल मीडिया पर साझा की है।

सिंधिया ने कहा कि भारत **5G के सबसे तेज़ी से अपनाए जाने वाले बाजारों मे से एक** है और इस तकनीक के विस्तार में दुनिया के मानकों को स्थापित कर रहा है।

### 5G नेटवर्क का विस्तार और कवरेज

5G सेवाएँ **2022 मे लॉन्च** होने के बाद से तेजी से फैल रही हैं। अब यह नेटवर्क देश के लगभग **99.6% जिलों मे उपलब्ध** है और इसकी पहुंच **85% आबादी तक** हो चुकी है।

संचार मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, **4.69 लाख से अधिक 5G बेस ट्रांसीवर स्टेशन (BTS)** पूरे देश में लगाए गए हैं, जिससे 5G नेटवर्क की मजबूती और विस्तार में मदद मिली है।

### ग्रामीण कनेक्टिविटी और इंटरनेट का प्रसार

मोदी सरकार की डिजिटल पहल के तहत **ग्रामीण इलाकों मे फोन कनेक्शन मे 42.9% वृद्धि** देखी गई है और भारत के इंटरनेट कनेक्शनों की संख्या **100 करोड़ से ऊपर जा पहुंची है**, जिससे देश की डिजिटल पहुंच का बड़ा विस्तार हुआ है।

### वैश्विक डिजिटल मील का पत्थर

इस उपलब्धि के साथ **भारत चीन के बाद 5G ग्राहक आधार के मामले मे दूंसरे स्थान पर** है, जो तकनीक अपनाने और नेटवर्क रोल-आउट में तेज़ी का स्पष्ट संकेत है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect,

publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.